कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।
(नजारत अनुभाग)
नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये जनपद न्यायालय, हमीरपुर के प्रांगण में स्थित कैन्टीन (जलपान गृह) की नीलामी प्रकिया हेतु दिनांक21 .07.2023 को समय सायं 04:00 बजे नियत की गयी है। उक्त तिथि के अन्दर इच्छुक व्यक्ति निम्न शर्तो सहित अपनी बन्द निविदाएं दिनांक 21.07.2023 को समय दोपहर 01.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

इसके पूर्व भी वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये जनपद न्यायालय, हमीरपुर के प्रांगण में स्थित कैन्टीन (जलपान गृह) की नीलामी प्रकिया हेतु दिनांक 22.03.2023, 31.03.2023 एवं 07.04.2023 को नियत कर मु0 2,22,200/–रू0 की न्यूनतम धनराशि बोली हेतु निर्धारित करते हुए व्यापक प्रचार प्रसार एवं दैनिक समाचार पत्र में भी प्रकाशन कराकर की गयी थी। लेकिन कोई भी बोलीदाता उपरोक्त नियत तिथियों/समय पर उपस्थित नही हुआ जिससे नीलामी की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो सकी। जिसकी सूचना माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित की गयी थी।

तत्पश्चात माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक–1507 /एडमिन(बी– I) सेक्शन दिनांकित 15.05.2023 से जनपद न्यायालय, हमीरपुर परिसर में स्थित जजी कैन्टीन की नीलामी प्रकिया हेतु बन्द निविदाएं आहूत कर नीलामी किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके अनुपालन में कैन्टीन (जलपान गृह) की नीलामी प्रकिया हेतु दिनांक 02.07.2023 एवं 13.07.2023 नियत की गयी थी और व्यापक प्रचार–प्रसार भी कराया गया था। नियत दिनांक 02.07.2023 एवं 13.07.2023 को भी कोई बोलीदाता नीलामी प्रकिया में उपस्थित नही हुआ। जिसके पश्चात पुनः कैन्टीन (जलपान गृह) की नीलामी प्रकिया हेतु अग्रिम तिथि 21.07.2023 नियत की जाती है। जो भी पात्र व्यक्ति उक्त नीलामी प्रकिया में भाग लेने हेतु इच्छुक हो वह अपनी बन्द निविदाऐं इस कार्यालय को जरिये डाक या व्यक्तिगत रूप से दिनांक 21.07.2023 तक समय दोपहर 01:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सहायक नाजिर इस सम्बन्ध में व्यापक प्रचार–प्रसार कराये।

1. जिस व्यक्ति की बन्द निविदा में नीलामी धनराशि अधिक होगी वह स्वीकार की जायेगी तथा उसे सम्पूर्ण धनराशि का 1/4 अग्रिम किस्त के रुप में तुरन्त कार्य आरम्भ करने के पूर्व जमा करना होगा तथा उसे अपने कार्यो का लिखित अनुबन्ध पत्र भी दाखिल करना पड़ेगा। उसके द्वारा जो जमानत धनराशि जमा की जायेगी उसे इस कार्यालय में जमा कर लिया जायेगा, जिसे अन्तिम किस्त में समायोजित किया जायेगा। नीलामी स्वीकृति की तारीख से 7 दिन के अन्दर ठेकेदार को अपना हैसियत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अथवा ऐसा न करने पर ठेके की सम्पूर्ण धनराशि कार्य करने के पूर्व प्रस्तुत करनी होगी।

कैंटीन (जलपानगृह) से सम्बन्धित नीलामी एवं कार्य करने की अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी जनपद न्यायालय, हमीरपुर के नजारत अनुभाग से कार्यालय समय पर की जा सकती है।

सदस्य–नीलामी समिति/
विशेष न्याधीश(आ0व0अधि0)
जनपद न्यायालय हमीरपुर

सूचनार्थ प्रतियां निम्न को प्रेषित।

1. श्रीमान ओ0एस0डी0(कम्प्यूटर)मा0उ0 न्यायालय,इलाहाबाद को मा0उ0 न्यायालय की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने के अनुरोध सहित।
2. मा0 जनपद न्यायाधीश,हमीरपुर को सूचनार्थ।
3. .कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर।
4. जनपद न्यायालय,हमीरपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. नगर पालिका, हमीरपुर।
6. लोकनिर्माण विभाग, हमीरपुर।
7. जनपद न्यायालय,कानपुर नगर को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय,कानपुर देहात को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
9. जनपद न्यायालय,जालौन स्थान उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
10. जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
11. सिस्टम ऑफिसर, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को मा0 उ0 न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, हमीरपुर की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने हेतु।

सदस्य–नीलामी समिति/
विशेष न्याधीश(आ0व0अधि0)
जनपद न्यायालय हमीरपुर